# कंप्यूटर और कंप्यूटर अनुप्रयोग
# ( Basics of Computers and Computer Applications)

- **बिल गेट्स** माइक्रोसॉफ्ट कंपनी का स्वामित्व करते हैं। माइक्रोसॉफ्ट विश्व की एक प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो मुख्यतः संगणक अभियांत्रिकी के क्षेत्र में काम करती है।
- 'माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के प्रमुख उत्पाद Windows-98, Windows-2000, Windows-XP तथा Windows-10 इत्यादि ऑपरेटिंग सिस्टम्स हैं।
- माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक **पॉल एलन** हैं।
- फ्रांसीसी गणितज्ञ **ब्लेज पास्कल** की स्मृति में उनके नाम पर एक कंप्यूटर भाषा **'पास्कल'** का नामकरण किया गया।
- इन्होंने पास्कलाइन नामक पहला यांत्रिक कैलकुलेटर का आविष्कार किया था।
- कंप्यूटरों को आपस में जोड़ने का कार्य नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है।
- **LAN** के माध्यम से सीमित क्षेत्र में रखे कंप्यूटरों को तथा **WAN** के माध्यम से वृहद क्षेत्र में रखे हुए कंप्यूटरों को आपस में जोड़ा जाता है।
- किसी कारोबार के ग्राहक, इन्वेंटरी तथा रिकॉर्ड्स को सबसे अच्छी तरह से **डाटाबेस** फाइल में स्टोर किया जा सकता है।
- लाइनक्स (LINUX) एक **कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम** है।
- इसे ओपन सोर्स और स्वतंत्र सॉफ्टवेयर विकास और वितरण मॉडल के तहत असेम्बल किया जाता है।
- **एंड्रॉयड** एक मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) है।
- 'Google' द्वारा विकसित यह 'OS' स्मार्टफोन, टैबलेट और टचस्क्रीन मोबाइल डिवाइस हेतु प्रयुक्त होता है।
- मदरबोर्ड जिसे मेनबोर्ड, सिस्टम बोर्ड अथवा लॉजिक बोर्ड के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रिंटेड सर्किट बोर्ड होता है, जो सभी आधुनिक कंप्यूटरों में पाया जाता है।
- OLAP का पूर्ण रूप है– Online Analytical Processing .
- GUI—Graphical User Interface एक प्रकार का उपयोक्ता अंतराफलक होता है, जिसके द्वारा लोग कंप्यूटर टंकण के अलावा अन्य प्रकार से संपर्क करने में सक्षम हो सकें।
- IBM का पूर्ण रूप इंटरनेशनल बिजनेस मशीन (International Business Machine) है।
- IBM एक बहुराष्ट्रीय कंप्यूटर प्रौद्योगिकी और एक आइटी परामर्श कंपनी है। IBM का मुख्यालय **अर्मोंक, न्यूयॉर्क** में है।
- POST का पूर्ण रूप **Power on Self Test** होता है।
- 'IT' का पूर्ण रूप **'Information Technology'** (सूचना प्रौद्योगिकी) होता है।
- BIT कंप्यूटर एवं दूरसंचार में सूचना की बेसिक कैपेसिटी हेतु प्रयुक्त शब्दावली है जिसका पूर्ण रूप **Binary Digit** होता है।
- ISP का पूरा रूप (Full Form) **Internet Service Provider** होता है।
- **CAD** का पूर्ण रूप है–**कंप्यूटर एडेड डिजाइन** (**Computer Aided Design**)।
- ईआर पी (**ERP : Enterprise Resource Planning**) का संक्षेपाकार एक्रोनिम है।
- ERP आंकड़ों को व्याख्यायित करने के अलावा इनका प्रबंधन, स्टोर एवं एकत्रित करने के कार्य हेतु प्रयुक्त होता है।
- RAM का पूर्ण रूप है–**Random Access Memory** यह कंप्यूटर की **अस्थायी स्मृति** (Volatile or Temporary) है।
- ROM का अर्थ **Read Only Memory** है।
- ROM कंप्यूटर की स्थायी मेमोरी होती है, जबकि RAM (Random Access Memory) कंप्यूटर की **अस्थायी मेमोरी** होती है।
- कंप्यूटर संबंधी गतिविधियों में प्रयुक्त USB का पूर्ण रूप है- **Universal Serial Bus**.
- फ्लॉपी ड्राइव एक प्रकार की **स्टोरेज डिवाइस** है।
- यदि एक्सेल वर्कशीट को पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन में इस्तेमाल करने के लिए लिंक करना हो तो एडिट, पेस्ट, स्पैशल क्लिक करना चाहिए।
- ट्रैक बॉल एक **प्वॉइंटिंग** डिवाइस है। इसमें एक सेंसर युक्त सॉकेट में एक बॉल लगी होती है जिसके रोटेशन को सेंसर डिटक्ट करते हैं।
- **हार्डवेयर** कंप्यूटर का **मुर्त भौतिक** भाग होता है। अतः हार्डवेयर वाले हिस्से को देखा और छुआ जा सकता है किंतु सॉफ्टवेयर, प्रोग्राम, स्टोरेज आदि को देखा तो जा सकता है, किंतु उसमें संग्रहीत कम्पोनेंट को देखा एवं छुआ नहीं जा सकता है।
- ज्ञात **सॉफ्टवेयर बग** के लिए रिपेयर जो सामान्य रूप से इंटरनेट पर बिना किसी चार्ज के उपलब्ध होता है उसे **पैच** (**Patch**) नाम से जाना जाता है।
- सर्वर्स उन कंप्यूटरों को कहते हैं जो नेटवर्क से जुड़े हुए दूसरे कंप्यूटरों को रिसोर्सेस प्रोवाइड कराते हैं।

☞ ऑपरेटिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर प्रोग्रामों का समूह होता है जो कंप्यूटर सिस्टम के चलने को नियंत्रित करता है और सूचना प्रोसेस करने का कार्य करता है।

☞ CPU (Central Processing Unit) को कंप्यूटर का **'ब्रेन'** कहा जाता है। CPU के द्वारा कंप्यूटर में इनपुट कराए गए डाटा को प्रोसेस कर आउटपुट में रूपांतरित किया जाता है।

☞ कंप्यूटर में यूजर के माध्यम से इनपुट की गई सामग्री को प्रोसेसर के माध्यम से प्रोसेस किया जाता है। प्रोसेस होने के बाद सामग्री यूजर को प्राप्त होती है जिसे **आउटपुट** कहते हैं।

☞ CRM का पूर्णरूप-(**Customer Relationship Management**) है।

☞ आंकड़ों पर आधारित ज्ञान के विश्लेषण को '**डाटा माइनिंग**' कहते हैं।

☞ डाटा माइनिंग कंप्यूटर विज्ञान और सांख्यिकी का मिला-जुला क्षेत्र है, जिसमें बड़े डाटा समूहों के पैटर्न को समझने का प्रयास किया जाता है।

☞ मार्केट बास्केट एनालिसिस, डाटा माइनिंग का एक उदाहरण है, जिसमें ग्राहकों के रिकॉर्डेड डाटा का विश्लेषण कर उनके खरीददारी पैटर्न की पहचान की जाती है।

☞ कंप्यूटर ऑन होने पर मॉनीटर स्क्रीन पर **डॉस प्रॉम्प्ट प्रदर्शित** होने तक की क्रिया को **बूटिंग** कहा जाता है।

☞ बूटिंग तब होती है जब ऑपरेटिंग सिस्टम RAM में लोड होता है।

☞ स्प्रेडशीट एक **इंटरेक्टिव कंप्यूटर एप्लिकेशन प्रोग्राम** है जिसमें सूचना/डाटा का तालिकाओं के रूप में (Tabular From) विश्लेषण किया जाता है। स्प्रेडशीट में श्रेणीबद्ध सेलों (Cells) में डाटा क्षैतिज रोस और लंबवत कॉलम्स (Rows and Columns) में ऑर्गेनाइज होता है।

☞ पर्सनल कंप्यूटर (PC) पर जब किसी डाक्युमेंट पर कार्य किया जाता है तब डाक्युमेंट को अस्थायी रूप से RAM (Random Access Memory) में स्टोर किया जाता है।

☞ माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस डेस्कटॉप एप्लिकेशंस, सर्वर्स और सर्विसेज का एक **ऑफिस स्यूट** है। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रोडक्टिविटी प्रोग्राम (यथा-**एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, पावर प्वाइंट** आदि) शामिल होते हैं।

☞ **फाइल**, संबंधित सूचनाओं का एक समूह है। प्रत्येक फाइल का एक नाम होता है जिनके द्वारा इन्हें निर्दिष्ट किया जाता है।

☞ कोई भी फाइल बिट्स या बाइट्स या रिकॉर्ड्स के सिक्वेंस का कलेक्शन होता है।

☞ फाइल को सामान्यतः **डाक्युमेंट** भी कहा जाता है।

☞ अनुदेशों के सेट के माध्यम से कंप्यूटर को यह बताया जाता है कि उसे कौन-सा कार्य करना है। अनुदेशों के इन सेटों को प्रोग्राम कहा जाता है।

☞ उपभोक्ता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनकी आवश्यकता निर्धारित करना और उसे सही हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से मैच करना कंप्यूटर कंसल्टंट का कार्य होता है।

☞ **माउस** एक महत्वपूर्ण **इनपुट** डिवाइस है। इसमें बाईं ओर क्लिक करने से मॉनीटर पर ऑब्जेक्ट को सेलेक्ट/ओपन किया जाता है, जबकि ऑब्जेक्ट की **प्रापर्टीज को एक्सेस** करने के लिए **माउस को दाईं ओर क्लिक** किया जाता है।

| कंप्यूटर के इनपुट एवं आउटपुट डिवाइस | |
|---|---|
| **इनपुट डिवाइस** | **आउटपुट डिवाइस** |
| (i) की-बोर्ड | (i) मॉनिटर |
| (ii) माउस | (ii) प्लॉटर |
| (iii) जॉयस्टिक | (iii) प्रिंटर |
| (iv) लाइट पेन | (iv) स्क्रीन प्रोजेक्टर |
| (v) स्कैनर | (v) स्पीकर |
| (vi) बारकोड रीडर | (vi) ईयर फोन |
| (vii) डिजिटल कैमरा | |
| (viii) ऑप्टिकल मार्क रीडर | |
| (ix) माइक | |

☞ टेम्पलेट ऐसा डाक्युमेंट है जो पहले से डिजाइन किया हुआ डाक्युमेंट होता है।

☞ टेम्पलेट में स्टैंडर्ड डाक्युमेंट से मिलते हुए फॉन्ट, ले आउट और बैकग्राउंड होता है।

☞ प्रोसेसर की गति **मेगाहर्ट्ज** या **गीगाहर्ट्ज** में मापी जाती है।

☞ **माइक्रोसॉफ्ट** वर्ड **एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर** का एक उदाहरण है।

☞ **टॉस्क बार** (Task bar) कंप्यूटर होम स्क्रीन में सबसे नीचे होता है।

☞ **टॉस्क बार** से वर्तमान में चल रहे कार्यों के बारे में संकेत मिलता है।

☞ विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों की वेबसाइटों में **डोमेन नेम** का प्रयोग किया जाता है।

☞ **डोमेन नेम** के माध्यम से किसी वेबसाइट को विशिष्ट रूप से आइडेंटिफाई किया जाता है।

| कुछ महत्वपूर्ण डोमेन नेम (Domain Name) | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | .info | – | सूचना संगठन |
| (ii) | .com | – | वाणिज्कि संस्थान |
| (iii) | .gov | – | सरकारी संस्थान |
| (iv) | .edu | – | शैक्षणिक संस्थान |
| (v) | .net | – | नेटवर्क संस्थान |
| (vi) | .org | – | गैर-लाभकारी संगठन |
| (vii) | .in | – | भारत |
| (viii) | .au | – | ऑस्ट्रेलिया |
| (ix) | .fr | – | फ्रांस |
| (x) | .nz | – | न्यूजीलैंड |
| (xi) | .uk | – | यूनाइटेड किंगडम |

☞ ई-मेल को **Electronic-mail** कहा जाता है।

☞ कंप्यूटर को ऑपरेट करने के लिए विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर प्रयोग में लाए जाते हैं। इन सॉफ्टवेयर्स को **प्रोग्राम** के नाम से भी जाना जाता है।

☞ कंप्यूटर में कई प्रोग्रामिंग भाषाओं का प्रयोग किया जाता है जैसे- लो लेवल, हाई लेवल, मशीन लैंग्वेज आदि।

☞ C, Basic, COBOL तथा जावा हाई लेवल लैंग्वेज के उदाहरण हैं।

☞ कंप्यूटर स्टोरेज डिवाइसेस का प्रमुख कार्य सूचनाओं को स्टोर करना है। जैसे हार्डडिस्क, कॉम्पैक्ट डिस्क, पेन ड्राइव इत्यादि।

☞ कोबोल, फोरट्रॉन, पास्कल, सी, सी++, प्रोलोग तथा जावा **उच्च स्तरीय भाषाओं** (लैंग्वेज) के उदाहरण हैं।

☞ वेबसाइटों (Websites) के प्रथम पेज को **होम पेज** कहा जाता है।

☞ इंटरनेट वेब पेज को रीलोड करने हेतु पेज को **रिफ्रेश** करना होता है।

☞ बग किसी कंप्यूटर प्रोग्राम या प्रणाली की ऐसी त्रुटि, दोष, गलती विफलता या फॉल्ट को वर्णित करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला आम शब्द है जो गलत और अप्रत्याशित परिणाम देता है।

☞ छोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेंट सहित कंप्लीट इलेक्ट्रॉनिक सर्किट को **IC इंटीग्रेटेड सर्किट** कहते हैं।

☞ **स्कैनर** एक **इनपुट** डिवाइस है जो ग्राफिक्स और टेक्स्ट को पेपर फार्म से स्कैन कर उन्हें कंप्यूटर में प्रवेश कराता है।

☞ स्कैनर के द्वारा ही कंप्यूटर में प्रिंटेड डायग्राम को प्राप्त किया जाता है।

☞ मदरबोर्ड पर CPU एवं मेमोरी आदि को दूसरे पुर्जों से जोड़ने का कार्य सिस्टम बस द्वारा किया जाता है।

☞ मॉडेम (Modulator Demodulator) का इस्तेमाल डाटा को एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर तक भेजने या पाने के लिए किया जाता है, जिसके लिए ये टेलीफोन लाइंस का इस्तेमाल करता है।

☞ मॉडेम **इनपुट और आउटपुट** दोनों डिवाइसों की तरह कार्य करता है।

☞ मॉडेम **एनालॉग डाटा** को फोन लाइन से प्राप्त कर **डिजिटल** में परिवर्तित कर कंप्यूटर तक इनपुट के रूप में पहुंचाता है और कंप्यूटर के आउटपुट डिजिटल डाटा को पुनः एनालॉग में परिवर्तित कर फोन लाइन तक पहुंचाता है।

☞ आउटपुट डिवाइस वे होते हैं जो इनपुट के पश्चात प्रोसेसिंग होने के परिणामस्वरूप प्राप्त होते हैं। इनमें **टेक्स्ट, वीडियो, आडियो** आदि हो सकते हैं।

☞ MROM (The Mask Programmed Read Only Memory) रोम मेमोरी का ही एक प्रकार है जिसे निर्माता, निर्माण प्रक्रिया के दौरान प्रोग्राम कर देता है।

☞ ALU (Arithmatic Logic Unit), Control Unit और RAM (Random Access Memory) **प्रोसेसर के तीन** प्रमुख भाग होते हैं।

☞ किसी वेबसाइट के होम पेज के माध्यम से ही उसके अन्य पृष्ठों तक पहुंचा जा सकता है।

☞ कंप्यूटर एक इनपुट, आउटपुट डिवाइस होता है। प्रयोक्ता के द्वारा कंप्यूटर में डाले गए इनपुट को ही कंप्यूटर संसाधित कर आउटपुट के रूप में प्रदान करता है, इसलिए जो डाटा कंप्यूटर में डाला जाता है, उसे इनपुट कहते हैं।

☞ कंप्यूटर जिस भाषा को समझ सकता है, वह है—मशीन भाषा।

☞ नए नाम सहित अथवा नए लोकेशन पर किसी विद्यमान फाइल को सेव करने के लिए **सेव एज़** का कमांड प्रयोग करना चाहिए।

☞ किसी डाक्युमेंट के मुद्रित रूपांतर को **हार्ड कॉपी** कहते हैं।

☞ क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड की सूचनाओं को **मैग्नेटिक स्ट्रिप** कार्ड पर संग्रहित किया जाता है। इसे **स्वाइप या मैगस्ट्रिप** (Magstripe) भी कहते हैं।

☞ पासवर्ड का प्रयोग कंप्यूटर के प्रयोक्ता फाइलों की गोपनीयता बरकरार रखने के लिए करते हैं, क्योंकि जो पासवर्ड वे डालते हैं उसके बिना कोई उस फाइल को खोल (Open) नहीं सकता है।

☞ **इंट्रानेट** कंप्यूटरों का निजी नेटवर्क होता है, जो इंटरनेट तकनीक का उपयोग करता है।

☞ इंट्रानेट के द्वारा कोई संस्था अपने कर्मचारियों के बीच सुरक्षित रूप से अपनी सूचनाओं का आदान-प्रदान कर सकती है।

☞ ऐसे डिवाइस जो केबल के प्रयोग के बिना ही नेटवर्क से जुड़े होते हैं को **वायरलेस (Wireless)** कहते है।

☞ कंप्यूटर से संबंधित कई वस्तुएं आज वायरलेस प्रकार की उपलब्ध हैं जैसे **माउस, की-बोर्ड, मोडेम** इत्यादि।

☞ ऐसी इंटरनेट सेवा जो उपलब्ध संसाधनों, को मल्टीमीडिया इंटरफेस प्रदान करवाती है को **वर्ल्ड वाइड वेब** कहते हैं।

☞ फायरवॉल कंप्यूटर सिस्टम या नेटवर्क का वह हिस्सा है जिसका निर्माण अनाधिकृत उपयोग को रोकने और अधिकृत संप्रेषण को अनुमति देने के लिए किया जाता है।

☞ जो व्यक्ति कंप्यूटर प्रोग्रामों या सॉफ्टवेयर को लिखने, उनका परीक्षण करने, उन्हें डीबग करने और विस्तृत अनुदेशों को तैयार करने का कार्य करते हैं उन्हें **कंप्यूटर प्रोग्रामर** की संज्ञा दी जाती है।

☞ फाइलों को फोल्डर में स्टोर करके हम उन्हें **ऑर्गनाइज** कर सकते हैं।

☞ एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर विशेष प्रकार के कंप्यूटर प्रोग्राम होते हैं जो विशिष्ट कार्यों को परफॉर्म करने में सहायता हेतु बनाए जाते हैं। इन प्रोग्रामों के माध्यम से कंप्यूटर के प्रयोग को कंप्यूटर प्रयोक्ताओं के लिए आसान बनाया जाता है।

☞ रन करने के लिए वेट कर रहे प्रोग्रामों की सूचियों को **क्यूस** (Queues) कहते हैं।

☞ किस प्रकार के प्रोग्राम को उसके क्रम के अनुसार कब रन करना है। इसका निर्धारण शेड्यूलर के द्वारा होता है।

☞ डाटा वेयरहाउस एक डाटाबेस सिस्टम होता है। इस सिस्टम में ग्राहकों (Customers) का डाटा, रिपोर्टिंग और विश्लेषण हेतु स्टोर किया जाता है।

☞ कंप्यूटर में हार्ड डिस्क (Hard Disc) से जिन फाइलों को डिलीट (Delete) किया जाता है अर्थात मिटा दिया जाता है वे फाइलें **रीसाइकिल बिन** (Recycle Bin) में भेजी जाती हैं।

☞ हम फाइल्स, फोल्डर्स को माई कंप्यूटर में रखते हैं।

☞ सेकेंडरी स्टोरेज मीडिया से हार्ड डिस्क में सॉफ्टवेयर प्रोग्रामों को कॉपी करने की प्रक्रिया को इन्स्टॉलेशन (Installation) का नाम दिया जाता है।

☞ अपनी गलत पहचान बताकर गोपनीय सूचना प्राप्त करने तक का चरण **फिशिंग ट्रिप्स** (Phishing Trips) है, जबकि इसी गोपनीय सूचना के आधार नुकसान पहुंचा देने का चरण फिशिंग स्कैम (Phishing Scams) है।

☞ ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System) एक ऐसा प्रोग्राम है जो यूजर, एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर को कनेक्ट करते हुए, इंटरफेस के रूप में फंक्शन करते हुए सॉफ्टवेयर कंप्यूटर प्रोसेसों को मैनेज करता है।

☞ ऑपरेटिंग सिस्टम एक सिस्टम सॉफ्टवेयर है, जो कंप्यूटर सिस्टम के हार्डवेयर रिसोर्सेस जैसे–मेमोरी, प्रोसेसर तथा इनपुट-आउटपुट डिवाइसेस को व्यवस्थित करता है।

☞ कंप्यूटर में जब कुछ टाइप या सबमिट अथवा ट्रांसमिट किया जाता है तो उसे इनपुट कहते हैं। इनपुट देने के पश्चात कंप्यूटर प्रोसेसिंग करके आउटपुट देता है।

**मेमोरी इकाइयां (Units of Memory)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | 1 बिट | = | बाइनरी डिजिट |
| (ii) | 8 बिट्स | = | 1 बाइट = 2 निबल |
| (iii) | 1024 बाइट्स | = | 1 किलोबाइट |
| (iv) | 1024 किलोबाइट | = | 1 मेगाबाइट |
| (v) | 1024 मेगाबाइट | = | 1 गीगाबाइट |
| (vi) | 1024 गीगाबाइट | = | 1 टेराबाइट |
| (vii) | 1024 टेराबाइट | = | 1 पेटाबाइट |
| (viii) | 1024 पेटाबाइट | = | 1 एक्साबाइट |
| (ix) | 1024 एक्साबाइट | = | 1 जेटाबाइट |
| (x) | 1024 जेटाबाइट | = | 1 योटाबाइट |
| (xi) | 1024 योटाबाइट | = | 1 ब्रोण्टोबाइट |
| (xii) | 1024 ब्रोण्टोबाइट | = | 1 जीओपबाइट |

☞ वेबसाइटों को देखने के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले प्रोग्रामों को **ब्राउजर** कहते हैं यूजर ब्राउजर पर जाकर सर्च इंजन की सहायता से वेबसाइटों को देख सकता है।

☞ कुछ प्रसिद्ध ब्राउजरों के उदाहरण हैं–**Opera, Firefox, Safari, Chrome**.

☞ CPU और I/O के बीच सिग्नलों के मूवमेंट को नियंत्रित करने का कार्य **कंट्रोल यूनिट** के द्वारा किया जाता है।

☞ माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस एक्सेल ऐसा सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जिसका प्रयोग स्प्रेडशीट तैयार करने के लिए किया जाता है।

☞ स्यूडोकोड (Pseudocode) मानव भाषा (ह्यूमन लैंग्वेज) तथा एक **प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के बीच एक क्रॉस** है।

☞ स्यूडोकोड एक डिजाइनिंग टूल है जिसका उपयोग मुख्य रूप से कंप्यूटर प्रोग्राम डिजाइनिंग जैसे एल्गोरिथ्म में किया जाता है।

☞ **कीबोर्ड और माउस सर्वाधिक सामान्य इनपुट डिवाइस** हैं।

☞ फोनलाइन का उपयोग करते हुए इंटरनेट कनेक्शन को **ब्राडबैंड** तथा मॉडेम का उपयोग करते हुए इंटरनेट के कनेक्शन को **डायल-अप कनेक्शंस** कहते हैं।

☞ कॉपीराइट युक्त फाइलों को बिना अनुमति के शेयर करने से कॉपीराइट कानून भंग होता है।

☞ अनसॉलिटेड (अयचित) ई-मेल स्पैम या जंक ई-मेल कहलाता है।

☞ किसी कंप्यूटर पर उपलब्ध प्रोग्रामों की जानकारी, इंस्टाल्ड प्रोग्राम की लिस्ट, ऑपरेटिंग सिस्टम के कंट्रोल पैनल में जाकर देखी जा सकती है।

☞ यूजर मैनुअल अथवा यूजर गाइड/डाक्युमेंट सॉफ्टवेयर प्रोग्राम को कैसे यूज करें तथा इसकी उपयोगिता एवं क्या न करें आदि स्थितियों के विषय में बतलाता है।

☞ **SDLC (System Development Life Cycle)** के इनिशिएशन फेज में डाटा प्रपोजल को तैयार किया जाता है।

☞ मूल स्रोत से एक अलग डेस्टिनेशन पर कॉपी करके डाटा को **प्रोटेक्ट करना बैकअप** कहलाता है।

☞ यह किसी प्रोग्राम, डाटा फाइल, डिस्क आदि को सुरक्षित करने की दृष्टि से बनाई गई प्रतिलिपि होती है।

☞ इंटरनेट रिसोर्सों की लोकेशन से कनेक्ट करने के लिए ब्राउजर दिए गए विकल्पों में से URL **(Uniform Reasource Locator)** का प्रयोग करता है।

☞ एमएस वर्ड में पेज लेवल फारमैटिंग, पैराग्राफ लेवल फारमैटिंग तथा डाक्युमेंट लेवल फारमैटिंग की जा सकती है।

☞ यदि कंप्यूटर खुद को बार-बार रीबूट करता रहता है तो ऐसा ऑपरेटिंग सिस्टम करप्ट होने की वजह से होता है, जिसका कारण कोई वायरस हो सकता है।

☞ पॉवर-ऑन सेल्फ-टेस्ट जिसे पोस्ट (Post) भी कहा जाता है एक ऐसी प्रक्रिया है जो कि कंप्यूटर या अन्य विद्युत उपकरण ऑन करने के तुरंत बाद नियमित रूप से चालू हो जाती है यह प्री-बूट सीक्वेंस का भाग है।

☞ किसी परिचालन प्रणाली (Operating System) को हार्ड डिस्क या फ्लॉपी डिस्क से स्मृति में लोड करना **बूट/बूटिंग** कहलाता है।

☞ **बूटिंग** एक स्वचालित प्रक्रिया है। जैसे ही कंप्यूटर Start या Reset किया जाता है तो यह प्रक्रिया अपना कार्य प्रारंभ कर देती है।

☞ कैप्स लॉक-की को हर बार प्रेस करने पर इसका फंक्शन आगे पीछे जाता है, अतः यह की (Key) टॉगल-की कहलाती है।

☞ **टॉगल कुंजी** (Toggle Key) दृष्टिबाधित तथा संज्ञानात्मक विकलांग लोगों के लिए तैयार किए गए हैं।

☞ जब इन कुंजियों (Caps Lock, Num Lock, Scroll Lock) को दबाया जाता है तब कंप्यूटर ध्वनि संकेत देता है।

**कंप्यूटर से संबंधित कुछ विशेष शार्टकट कुंजियां**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अक्षरों को बोल्ड करें | CTRL + B |
| (ii) | अक्षरों को इटैलिक करें | CTRL + I |
| (iii) | अक्षरों को रेखांकित करें | CTRL + U |
| (iv) | चयनित पाठ या ऑब्जेक्ट की प्रतिलिपि बनाएं | CTRL + C |
| (v) | चयनित पाठ या ऑब्जेक्ट को काटें | CTRL + X |
| (vi) | पाठ या ऑब्जेक्ट चिपकाएं | CTRL + V |
| (vii) | अंतिम कार्रवाई पूर्ववत करें | CTRL + Z |
| (viii) | अंतिम कार्रवाई फिर से करें | CTRL + Y |
| (ix) | एक नया दस्तावेज बनाएं | CTRL + N |
| (x) | एक दस्तावेज खोलें | CTRL + O |
| (xi) | एक दस्तावेज बंद करें | CTRL + W |
| (xii) | एक दस्तावेज सहेज़ें | CTRL + S |
| (xiii) | दस्तावेज खोजने के लिए | CTRL + F |
| (xiv) | कोई दस्तावेज मुद्रित करें | CTRL + P |

☞ एसेंबली लैंग्वेज में प्रयुक्त होने वाला ट्रांसलेटर प्रोग्राम **एसेंबलर कहलाता** है। यह एसेंबली लैंग्वेज इंस्ट्रक्शंस को मशीन लैंग्वेज में ट्रांसलेट करता है।

☞ **बाइनरी सिस्टम** कंप्यूटर एवं दूरसंचार डाटा हेतु प्रयुक्त डिजिटल नंबर प्रणाली है जिसका आधार **2** होता है।

☞ विंडोज ME में, ME से तात्पर्य Millennium Edition से है। यह ग्राफिकल ऑपरेटिंग सिस्टम सितंबर, 2000 में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा रिलीज किया गया था, जो विंडोज 9x सीरीज का आखिरी ऑपरेटिंग सिस्टम था।

☞ **SCSI** (Small Computer System Interface) कंप्यूटर और परिधीय उपकरणों (Peripheral divices) के बीच डेटा स्थानांतरित करने के लिए मानकों का एक सेट है।

☞ कंप्यूटर मॉनीटर की स्क्रीन पर विभिन्न ड्रॉप-डाउन मेनू के नाम या आइकन को दिखाने वाले बार को **मेनू बार** कहते हैं।

☞ मेनू बार पर क्लिक करके उन्हें स्क्रीन पर देखा जा सकता है।

☞ MS वर्ड स्क्रीन के रूलर पर लेफ्ट इंडेंट, राइट इंडेंट, हैंगिंग तथा फर्स्ट लाइन इंडेंट (Special) तथा मिरर इंडेंट होते हैं।

☞ डॉक्युमेंट के टेक्स्ट को बाएं और दाएं दोनों हाशियों (मार्जिन) पर जस्टीफाई, जस्टीफिकेशन एलाइन करती है। इसकी शार्टकट कुंजी Ctrl + J होती है।

☞ एमएस एक्सेल स्प्रेडशीट में जिस प्वॉइंट पर **कॉलम** और **रो** इंटरसेक्ट करते हैं उसे **cell** कहते हैं।

☞ ऑनलाइन बैंकिंग स्टोरेज सिस्टम मास स्टोरेज का उदाहरण है, जिसमें बड़ी मात्रा में डाटा स्टोर किया जा सकता है।

☞ वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर (Microsoft Word) का प्रयोग किसी डाक्युमेंट का निर्माण करने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

☞ किसी एप्लिकेशन को वेब पर माउंट करने के कई लाभ होंगे, इससे प्रयोक्ताओं के लिए 24 घंटे प्रवेश संभावना बढ़ जाती है, इंटरफेस की संरचना का मानकीकरण किया जा सकता है तथा इसके द्वारा ऐसी प्रणाली का सृजन किया जा सकता है जिसका विश्वव्यापी विस्तार हो सकता है।

☞ इंटरप्रेटर वह प्रोग्राम है, जो सोर्स कोड को मशीन के समझने योग्य लैंग्वेज में ट्रांसलेट करता है।

☞ एमएस वर्ड में पेज ब्रेक का प्रयोग डाक्युमेंट के अगले हिस्से को नए पेज से स्टार्ट करने के लिए किया जाता है। इसके द्वारा किसी मैटर को इच्छानुसार कई पेजों में प्रस्तुत किया जा सकता है।

☞ **पेज प्रिव्यू मोड** में हम अपने डाक्युमेंट के सभी पेज देख सकते हैं।

☞ वेब पर एक्सेस करने हेतु डाक्युमेंटों, ग्राफिक्स और ध्वनियों को लिंक किया जाता है।

☞ सुपर कंप्यूटर में हजारों माइक्रोप्रोसैसर एक साथ जुड़कर डाटा को अत्यधिक तीव्र गति से संसाधित करते हैं।

☞ परम सी-डैक द्वारा विकसित भारत के स्वदेशी सुपर कंप्यूटरों की एक श्रृंखला है।

☞ सी-डैक (Centre for Development of Advanced Computing) की स्थापना वर्ष 1988 में हुई थी।

☞ **बारकोड रीडर** जिसे प्राइस स्कैनर या **प्वाइंट-ऑफ-सेल** (POS) के नाम से जानते हैं का प्रयोग बारकोड पर दी गई सूचना का पता लगाने हेतु किया जाता है। यह **इनपुट डिवाइस** सुपर बाजारों में व्यापक रूप से प्रयुक्त की जाती है।

☞ एमएस एक्सेल में एक्टिव सेल का कन्टेंट (डाटा या फॉर्मूला) **फॉर्मूला बार** में डिसप्ले होता है।

☞ यह स्प्रेडशीट में वर्क एरिया के ऊपर स्थित होता है। इसे एक्टिव सेल में कन्टेंट इंटर करने या कन्टेन्ट को एडिट करने के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है।

☞ एक्सेल में दो या दो से अधिक सेल्स (Cells) को एक सेल में मिलाने के परिचालन को **मर्ज सेल्स** कहते हैं।

☞ सेल्स को मर्ज करने हेतु एक्सेल के होम पर दिए गए मर्ज एंड सेंटर पर क्लिक करके तथा उसमें दिए गए मर्ज सेल्स के विकल्प पर क्लिक करके सेल्स मर्ज किया जाता है।

☞ ई-मेल से जुड़ी फाइलें अटैचमेंट कहलाती हैं।

☞ इंटरनेट पर सर्वर से सूचना प्राप्त करने के कंप्यूटर के प्रोसैस को **डाउनलोडिंग** कहते हैं। सर्वर से कोई भी सूचना डाउनलोड करके ही प्राप्त की जा सकती है।

☞ वर्ड डाक्युमेंट में किसी वाक्य को टाइप करने हेतु फॉन्ट का चुनाव करने हेतु **फॉर्मेट मेनू** में **फॉन्ट सेलेक्ट** करते हैं।

☞ **वर्ड फाइल** में किसी शब्द पर दो बार क्लिक करने पर वह शब्द **सिलेक्ट** हो जाता है।

☞ भारत में बने सुपर कंप्यूटर निम्न हैं–**आदित्य, अनुपम, परम युवा, परम युवा II, सागा 200, एका, वर्गो, विक्रम-100, क्रे Xcyo भास्कर, पेस तथा फ्लो साल्वर**।

☞ यदि स्टोरेज में जगह कम हो और बहुत सी फाइलों को स्टोर करना हो, तो फाइलों को **कम्प्रैस करके स्टोर करना** ही उचित होता है।

☞ हाई-लेबल लैंग्वेज मशीन इंडिपेंडेंट प्रोग्राम होते हैं, जिनमें बनाए गए सॉफ्टवेयर्स के सोर्स कोड को कम्पाइलर द्वारा मशीन लैंग्वेज में बदला जाता है।

☞ एमएस एक्सेल में स्क्रीन पर डिस्प्लेड वर्कशीट के अंश को वर्कशीट विंडो के माध्यम से देखा जा सकता है।

☞ एमएस एक्सेल के दस्तावेज तालिकाओं (वर्कशीट्स) पर वर्कबुक नामक फाइल के रूप में स्टोर किए जाते हैं।

☞ कंप्यूटिंग में, **प्लेन टेक्स्ट फाइल केवल पठनीय सामग्री को** दिखाता है, यह किसी भी चित्रमय या अन्य वस्तुओं, चित्रों को नहीं दर्शाता। इसकी फॉर्मेटिंग नहीं हुई होती। इसका एक्सटेंशन ! **TXT** है।

☞ फांट कंप्यूटर के अक्षर/अंकों का आकार होता है। यह कंप्यूटर की भाषा नहीं है, परंतु विभिन्न भाषाओं में मुद्रण कार्य या टाइपिंग के लिए उसका संगत फांट निर्धारित होता है।

☞ कंप्यूटर कुंजी-पटल पर लगी $F_1$, $F_2$, $F_3$,आदि कुंजियों पर लिखे **'F' का अर्थ 'फंक्शन'** होता है।

☞ फंक्शन कुंजियां विशेष कार्यों को संपादित करने हेतु होती हैं। जैसे **Alt+ F4 दबाने पर Window क्लोज होता** है।

☞ पेरिफेरल इक्विपमेंट वास्तव में इनपुट और आउटपुट डिवाइसेस को कहा जाता है। साथ ही ऐसे डिवाइसेस जो इनपुट/आउटपुट दोनों का ही कार्य करते हैं वो भी पेरिफेरल डिवाइस हैं।

☞ एमएस वर्ड में अलाइनमेंट और फॉन्ट साइज के लिए **फोर्मेटिंग टूलबार बटन्स डिस्प्ले** करता है।

☞ यूनिकोड वह उन्नत कंप्यूटर कोडिंग प्रणाली है जिसमें चीनी, यूनानी, हिब्रू एवं जापानी सहित विश्व की अनेक भाषाओं की लिपियों को व्यक्त करने वाले कैरेक्टर शामिल हैं।

☞ OSI (Open Systems Interconnection) मॉडल एक वैचारिक मॉडल है जो **दूरसंचार एवं कंप्यूटिंग प्रणाली के संचार** कार्यों का मानवीकरण करता है।

☞ इसमें 7 लेयर होती हैं-
(i) Physical layer (ii)Datalink Layer (iii)Network layer (iv) Transport layer, (v) Session layer,(vi) Presentation layer,(vii) Application layer.

☞ फुल स्क्रीन (Full Screen) पर विंडोज को डिसप्ले करने वाला बटन **मैक्सीमाइज** कहलाता है।

☞ बोलचाल के शब्दों में भिन्नता को पहचानने की कंप्यूटर की क्षमता को **आवाज मान्यता** (Voice Recognition) कहा जाता है।

☞ कंप्यूटर केवल डिजिटल डाटा को पहचान और समझ सकता है, अतः कोई कंप्यूटर एनॉलॉग डाटा को पहचाने और समझे इसके लिए पहले उसे डिजिटाइज करना आवश्यक होगा।

☞ यदि इंटरनेट एक्सप्लोरर वेबसाइट का कोई पेज (सर्फिंग के दौरान) अटक गया है तो तेजी से अपडेट करने के लिए **रिफ्रेश बटन को क्लिक** करना चाहिए।

☞ मॉनिटर के डिसप्ले आकार को **डायगोनली** (विकर्ण के रूप में) मापा जाता है।

☞ माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस वर्ड डाक्युमेंट का नाम **टाइटल बार** और **टास्क बार** दोनों में डिसप्ले होता है।

☞ **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** के माध्यम से एक स्थान पर कोई व्यक्ति विभिन्न स्थानों पर रहने वाले व्यक्तियों से **सजीव वार्तालाप** कर सकता है।

☞ वर्ड में जब पैराग्राफ को इंडेंट किया जाता है तो टेक्स्ट मार्जिन के संबंध में अंदर सरक जाता है, टेक्स्ट को इंडेंट करने का सबसे सरल तरीका टेब (TAB) बटन का प्रयोग करना है।

☞ एमएस एक्सेल में सेल और रेंज की पहचान उनके नाम (Name) द्वारा होती है, जो नेम बॉक्स में प्रदर्शित होता है।

☞ HTML **(Hyper Text Markup Language)** किसी वेब ब्राउजर पर वेब पेजों और अन्य सूचना को डिस्प्ले करने की मुख्य मार्कअप लैंग्वेज है।

☞ HTML डाक्युमेंट तैयार करने के लिए **टेक्स्ट एडिटर प्रोग्राम** की आवश्यकता होती है।

☞ एप्लेट्स जैसे विशेष प्रोग्राम क्रिएट करने हेतु जावा (Java) प्रोग्रामिंग भाषा का प्रयोग करते हैं।

☞ ऐप्लेट ऐसे जावा प्रोग्राम होते हैं जो वेब ब्राउजर एंबेड (Embed) होते हैं और यूजर के कंप्यूटर के वेब ब्राउजर में रन (Run) होते हैं।

☞ स्क्रॉल (Scroll) बार से हम मैटर ऊपर या नीचे अपनी सुविधानुसार कर सकते हैं। इसके लिए माउस के स्क्रालर का उपयोग भी किया जाता है।

☞ प्रॉडक्ट, स्ट्रक्चर, सिविल इंजीनियरिंग ड्राइंग और नक्शों के डिजाइन के लिए **CAD (Computer Aided Design)** प्रोग्राम सॉफ्टवेयर प्रयुक्त होता है।

☞ E-Commerce में शब्द 'E' का **प्रयोग Electronics** के लिए होता है। इस प्रकार की कंपनियां इंटरनेट के माध्यम से उत्पादों या सेवाओं को उसके ग्राहक तक पहुंचाने का कार्य करती हैं।

☞ सिस्टम यूनिट पर्सनल कंप्यूटर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह एक प्रकार का कंटेनर (Box) होता है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेट्स रखे होते हैं। इन इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स में चेसिस, माइक्रोप्रोसेसर, मुख्य स्मृति (RAM), बस, पोर्ट इत्यादि शामिल होते हैं।

☞ वेब पेज सामान्यतः HTML (हाइपर टेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज) या XHTML (Extensible HTML) फॉर्मेट में सेव किए जाते हैं।

☞ किसी कंप्यूटर के संदर्भ में किसी सॉफ्टवेयर की कम्पैटिबिलिटी का अर्थ है कि वह सॉफ्टवेयर उस कंप्यूटर पर चलने या संचालित होने में समर्थ है।

☞ RAID **(Redundant Array of Independent Disks)** वह स्टोरेज डिवाइस है जिसमें एक लॉजिकल यूनिट में कई डिस्क ड्राइव होती हैं, जिसमें एक ही डाटा अनेक डिस्कों पर (RAID Levels) स्टोर होता है तथा एक के डैमेज हो जाने पर दूसरी से उस डाटा को प्राप्त किया जा सकता है।

☞ विंडोज 98 पहले का ऑपरेटिंग सिस्टम था जिसके पश्चात क्रमशः विंडोज XP, विंडोज 7, विंडोज 8 और विंडोज 10 आए। इनमें से किसी भी पूर्ववर्ती ऑपरेटिंग सिस्टम को नए ऑपरेटिंग सिस्टम से बदलना **अपग्रेडेशन** कहलाता है।

☞ एमएस वर्ड में इन्सर्शन पाइंट से तात्पर्य पेज पर उस बिंदु से है जहां पर टेक्स्ट एंटर किया जाएगा।

☞ कंप्यूटर मॉनीटर पर दिखने वाले डाक्युमेंट के टेक्स्ट में यूजर की पोजीशन कर्सर द्वारा दिखाई जाती है।

☞ अपने डेटा को **प्राइंग आइज** (Prying eyes) से सुरक्षित करने के लिए हमें फाइल परमिशंस का प्रयोग करना चाहिए, इसके द्वारा हम अपने द्वारा अन्य यूजर को फाइल देखने का अधिकार देते हैं।

☞ **'कंट्रोल' एवं 'शिफ्ट' मोडिफायर** कुंजियां हैं, जो किसी अन्य कुंजी के साथ कॉम्बिनेशन में दबाने पर उस कुंजी के सामान्य एक्शन को परिवर्तित (Modify) करती हैं।

☞ एमएस वर्ड आरंभ करने पर दिखने वाला नया डाक्युमेंट, ब्लैंक डाक्युमेंट **टेंपलेट** पर आधारित होता है।

☞ कम्पाइलर का कार्य किसी **हाई-लेवल लैंग्वेज** में लिखे गए प्रोग्राम या सॉफ्टवेयर को **कंप्यूटर की लैंग्वेज** में परिवर्तित करना है। यह एक **एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर** है। अतः यह एक हाई-लेवल लैंग्वेज में लिखे गए प्रोग्राम को **मशीन लैंग्वेज** में ट्रांसलेट करने का कार्य करता है।

☞ कम्पाइलर द्वारा खोजी गई गलतियों को **सिंटैक्स एरर** कहते हैं। इन गलतियों में वर्तनी संबंधी त्रुटियां, स्पेलिंग एरर आदि सम्मिलित हैं। इन गलतियों के कारण प्रोग्राम को एक्सक्यूट नहीं किया जा सकता है।

☞ किसी ई-मेल खाते के स्टोरेज एरिया को **मेल बॉक्स** कहते हैं। इसमें यूजर को प्राप्त ई-मेल्स स्टोर होती हैं।

☞ पॉप-अप मेनू, ड्रॉप डाउन मेनू का एक रूप है। इसे कांटेक्स्ट मेनू या **शार्टकट मेनू** भी कहते हैं। यह ग्राफिकल यूजर इंटरफेस (GUI) में आने वाला मेनू है जो यूजर इंटरैक्शन (यथा-माउस को राइट क्लिक करना) पर सामने आता है।

☞ माई कंप्यूटर (My Computer) हमारे कंप्यूटर पर फाइल्स, फोल्डर्स और ड्राइव्स दिखाता है और फाइल को एक लोकेशन से दूसरे लोकेशन में ले जाने को आसान बनाता है।

☞ **ऑफिस असिस्टेंट** कंप्यूटर में एक एनिमेटेड कैरेक्टर है जो उपयोगकर्ता को सहायता और सुझाव उपलब्ध कराता है।

☞ ASCII (**American Standard Code for Information Interchange**) कैरेक्टर-इनकोडिंग स्कीम में कुल 128 कैरेक्टर शामिल हैं, जिनमें **33 नॉन-प्रिंटिंग** कंट्रोल कैरेक्टर्स और **95 प्रिंटेबल कैरेक्टर** हैं।

☞ एमएस वर्ड में स्टाइल्स का प्रयोग डाक्युमेंट को फॉर्मेट करने के लिए किया जाता है।

☞ मोशन पिक्चर क्लिपों को परिवर्तित करने के लिए वीडियो एडिटिंग नामक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर प्रयुक्त होता है। इस सॉफ्टवेयर के द्वारा मोशन पिक्चर क्लिपों में अपेक्षित परिवर्तन किए जा सकते हैं।

☞ **आइकॉन्स** (Icons) ऐसी ग्राफिकल तस्वीरें होती हैं जो फाइल, फोल्डर, इत्यादि जैसे ऑब्जेक्ट को रिप्रेजेंट करती हैं। यह कंप्यूटर के डेस्कटॉप पर उपस्थित रहती हैं।

☞ एमएस वर्ड में **ऑटोकरेक्ट स्पेलिंग की गलतियों को सुधारता** है।

अतः यह 'receive' के स्थान पर 'recieve' टाइप करने पर सही वर्तनी प्रस्तुत करेगा।

☞ **मल्टीपल यूजर लाइसेंस** के द्वारा व्यक्तियों का समूह किसी **सॉफ्टवेयर** का प्रयोग कर सकता है। इसके द्वारा वह सॉफ्टवेयर कई कंप्यूटरों पर कार्य कर सकता है, जबकि **सिंगल यूजर लाइसेंस** की स्थिति में सॉफ्टवेयर **किसी निर्दिष्ट कंप्यूटर पर ही कार्य** करेगा।

☞ स्टोरेज डिवाइस के मेन फोल्डर को **रूट डायरेक्ट्री** कहते हैं।

☞ रूट डायरेक्ट्री ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा प्रदान की जाती है और इसका एक निश्चित नाम होता है। DOS ऑपरेटिंग सिस्टम में इसे **"\"** कहा जाता है।

☞ सिलीकॉन की परत चढ़ी इंटीग्रेटेड सर्किट चिप (IC Chip) के विकास का श्रेय **जे.एस. किल्बी** (J.S.Kilbi) को जाता है जिन्होंने वर्ष 1958 में IC का निर्माण किया। इन्हें वर्ष 2000 में **नोबेल पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।

☞ बंगलुरू को भारत की **सिलिकॉन वैली** कहा जाता है।

☞ इंटरनेट वह संजाल है जो विश्व भर में कंप्यूटरों को एक-दूसरे से **जोड़ता** है।

☞ इंटरनेट के द्वारा विश्व भर में सर्वरों से कनेक्ट किया जा सकता है, किसी दूसरे यूजर को इलेक्ट्रॉनिक मेल भेजा जा सकता है तथा किसी वेबसाइट पर जाकर संबंधित वेब पेज देखे जा सकते हैं।

☞ CASE (**Computer Aided Software engineering**) सॉफ्टवेयर उपकरणों का क्षेत्र है, जिनका प्रयोग अप्लीकेशन की डिजाइन तथा सुधार के लिए होता है। वर्क बेंच सबसे इंटेलिजेंट Case टूल माना जाता है।

☞ एक पेज में चार प्रकार से मार्जिन सेट किए जाते हैं जिसके द्वारा मार्जिन वाले क्षेत्र में कुछ भी नहीं लिखा जाता है। पेज पर मार्जिन देने से प्रिंटिंग, कटिंग, फोल्डिंग आदि में आसानी रहती है।

☞ **री-यूज होने वाले ऑप्टिकल स्टोरेज** का टिपिकली प्रथमाक्षर **RW** होता है। इस रीराइटेबल ऑप्टिकल स्टोरेज पर डाटा को इरेज कर पुनः राइट किया जा सकता है।

☞ फ्रीज पैंस View tab के अंतर्गत आता है, जिसके द्वारा एक्सेल शीट में पहली श्रेणी (Row) या स्तंभ अथवा रो तथा कॉलम दोनों हमेशा देखा जा सकता है, यहां तक कि जब हम शीट के अंत में स्क्रॉल कर रहे हों।

☞ **P2P (Peer to Peer) सहकर्मी से सहकर्मी** वह नेटवर्क है, जो पारंपरिक केंद्रीकृत संसाधनों जिसमें सर्वरों की एक अपेक्षाकृत कम संख्या किसी अनुप्रयोग को कोर वैल्यू उपलब्ध कराते हैं के बजाय नेटवर्क के सहभागियों के बीच विविध संपर्कों और सहभागियों की **संचयी बैंडविड्थ** का उपयोग करता है।

☞ एक कॉलम में टेक्स्ट सामान्यतः **लेफ्ट एलाइन** (Left Align) होता है, जबकि नंबर **राइट एलाइन** होता है।

☞ **टाइम शेयरिंग** एक ऐसा फीचर है जो सारणियों और मल्टी प्रोग्रामिंग का उपयोग किफायती पड़ने के कारण दो या दो से अधिक यूजर्स को सुविधा देता है।

☞ इसके द्वारा एक ही समय में मल्टीटॉस्किंग के माध्यम से कई उपयोगकर्ताओं के मध्य कंप्यूटिंग संसाधन का विभाजन किया जाता है।

☞ **DBMS (Database Management System)** एक सॉफ्टवेयर है, जो डेटा के प्रबंधन एवं उसके दक्षतापूर्वक उपयोग के लिए निर्मित किया जाता है।

☞ OCR का पूर्ण रूप है-**Optical Character Recognition**.

☞ **एक्सेल दस्तावेज** की सभी फाइलें **वर्कशीट्स** नामक फाइल के रूप में स्टोर होती हैं।

☞ एक **एक्सेल वर्कशीट का नाम बदलने के लिए** वर्कशीट टैब पर **डबल क्लिक** करें और एक नया नाम टाइप करें।

☞ फाइल का प्रकार विशिष्टतः फाइल एक्सटेंशन द्वारा आइडेंटिफाई होता है। इसके द्वारा फाइलों की पहचान की जा सकती है।

☞ वर्ड फाइल के किसी भी डाक्युमेंट में एक पैराग्राफ को एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाने के लिए **कट (Cut)** एंड **पेस्ट (Paste)** का प्रयोग किया जाता है। जिस पैराग्राफ को दूसरे स्थान पर ले जाना है पहले उसे सेलेक्ट करना होगा फिर उसे **कट (Ctrl+X)** करना होगा तथा जहां उसे ले जाना है उस स्थान पर उसे **पेस्ट (Ctrl+V)** करना होगा।

☞ मानिटर का **रेजोल्यूशन** जितना अधिक होता है उसमें स्क्रीन **पिक्सल उतने ही अधिक** होते हैं।

☞ एमएस वर्ड डाक्युमेंट के बॉटम पर जाने के लिए Ctrl और End कीज (Keys) का साथ में प्रयोग करते हैं। इससे यूजर वर्ड डाक्युमेंट के सबसे निचले हिस्से पर पहुंच जाता है।

☞ पर्सनल कंप्यूटर पर टाइपिंग करते समय दो शब्दों के बीच जगह छोड़ने के लिए **स्पेसबार 'की'** (Key) दबानी पड़ती है।

☞ कंप्यूटर स्क्रीन पर दिखने वाले किसी ऑब्जेक्ट की प्रोपर्टीज में एक्सेस के लिए माउस को राइट-क्लिक करते हैं और फिर दिखने वाले मेनु में प्रोपर्टीज को क्लिक करके एक्सेस किया जा सकता है।

☞ PC का पूरा रूप **Personal Computer** है। सामान्यतः डेस्कटॉप कंप्यूटर को PC कहा जाता है।

☞ कॉडेक (Codec) सरल शब्दों में (कोडर-डिकोडर) एक कंप्यूटर प्रोग्राम है जिसे किसी भी डिजिटल मीडिया को **एनकोड या डिकोड** करने में इस्तेमाल किया जाता है।

- ☞ कॉडेक न केवल MKV साथ ही बहुत सी अन्य तरह की फाइलों को डिकोड करने की सुविधा प्रदान करते हैं।
- ☞ **वायरस, ट्रॉजन, होर्सेस तथा वर्म्स कंप्यूटर** प्रणाली को हानि पहुंचाने वाले सॉफ्टवेयर हैं।
- ☞ कंप्यूटर वायरस एक प्रकार का अवांछित विद्वेष पूर्ण सॉफ्टवेयर प्रोग्राम होता है जो अपनी **प्रतिलिपियां तैयार करके** कंप्यूटर को प्रभावित कर देता है।
- ☞ 'www' का पूरा रूप है-**world wide web**, यह इंटरनेट के द्वारा एक्सेस किए जा सकने वाले इंटरलिंक्ड हाइपरटेक्स्ट डाक्युमेंट्स का सिस्टम है।
- ☞ 'www' के जनक **टिम बर्नर्स-ली** हैं।
- ☞ पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के तहत स्लाइड शो व्यू में किसी स्लाइड को राइट-क्लिक करने पर दिखने वाला पॉप-अप मेनु एक शार्टकट मेनु होता है। इसे **कांटेक्स्ट मेनु** भी कहते हैं।
- ☞ पॉवर प्वाइंट में **हेडर एवं फुटर बटन** इंसर्ट टैब में जाकर टेक्स्ट ग्रुप में होता है।
- ☞ एमएस वर्ड में **फुटर** एक टेक्स्ट होता है जिसे पेज के **बाटम में** प्रिंट किया जाना अपेक्षित होता है, जबकि **हेडर** पेज के **टाप पर** प्रिंट होने वाला टेक्स्ट होता है।
- ☞ किसी टेक्स्ट डाक्युमेंट के एडिटिंग के क्रम में 'Ctrl +Up ऐरो' कर्सर को प्रीबियस (पूर्व) पैराग्राफ के प्रारंभ पर ले जाता है।
- ☞ इसी प्रकार 'Ctrl + Down एरो' कर्सर को अगले (नए) पैराग्राफ के लिए प्रांरभ में ले जाता है।
- ☞ **एक्सेल स्प्रेडशीट** सारणी में **एक पूरी पंक्ति चुनने** के लिए **शिफ्ट + स्पेसबार** की दबाते हैं, जबकि **कॉलम सेलेक्ट** करने के लिए **कंट्रोल + स्पेसबार** की दबाते हैं।
- ☞ कंप्यूटर के माध्यम से किसी चित्र या ग्राफिक्स के प्रेजेन्टेशन को **स्लाइड शो** भी कहते हैं। पॉवर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन/स्लाइड शो हेतु प्रयुक्त होने वाला सॉफ्टवेयर है।
- ☞ कंप्यूटर प्रणाली में किसी सॉफ्टवेयर कोड में त्रुटियों (Errors) का पता लगाने की प्रक्रिया **डिबगिंग** कहलाती है।
- ☞ सी.डी.रोम (CD-ROM : Compact Disk Read only Memory) एक प्रकार की ऑप्टिकल डिस्क है। इस प्रकार की डिस्क पहले से ही मुद्रित होती है तथा उसमें संग्रहीत डाटा को मिटाया नहीं जा सकता, साथ ही इस प्रकार की डिस्क में कोई नया डाटा संग्रहीत भी नहीं किया जा सकता।
- ☞ **पर्सनल कंप्यूटर** ऐसे कंप्यूटर हैं जो विशेष रूप से व्यक्तिगत अथवा छोटे समूह के द्वारा प्रयोग में लाए जाते हैं। इन कंप्यूटरों को **माइक्रो कंप्यूटर** भी कहा जाता है।
- ☞ डेस्कटॉप पर तारीख और समय नीचे टास्क बार पर दाहिनी ओर डिस्प्ले होते हैं।
- ☞ UPS का प्रमुख कार्य है–**कंप्यूटर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना**।
- ☞ UPS का पूर्णरूप है **Unintrupted Power Supply**।
- ☞ पेन ड्राइव को कंप्यूटर से जोड़ने के लिए यूएसबी (Universal Serial Bus) पोर्ट प्रयोग होता है, जबकि पैरेलल पोर्ट तथा सीरियल पोर्ट में समायोजित होने के लिए छिद्र युक्त संरचना होती है।
- ☞ एमएस वर्ड में किसी डाक्युमेंट में किसी खास शब्द या वाक्यांश को सबसे जल्दी और सरल तरीके से ढूंढने के लिए फाइंड (CTRL+F) कमांड का प्रयोग करते हैं।
- ☞ डाक्युमेंट में गलत शब्द को ढूंढ़ने और उसे सही करने के लिए प्रयोक्ता द्वारा **फाइंड एवं रिप्लेस कमांड** का प्रयोग किया जाता है।
- ☞ टेलनेट एक **टेक्स्ट पर आधारित कंप्यूटर प्रोटोकॉल** है।
- ☞ टेलनेट एक द्विदिशी संवादात्मक आवागमन सुगमता प्रदान करने के लिए इंटरनेट या स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क (LAN) पर इस्तेमाल किया जाने वाला नेटवर्क प्रोटोकॉल है।
- ☞ किसी व्यक्ति के उंगलियों के निशानों के आधार पर एक्सेस प्रवेश नियंत्रण **जीवकीय/बायोमेट्रिक पहचान** का एक उदाहरण है।
- ☞ जब कंप्यूटर मशीन के इंसट्रक्शनों को एक्जीक्यूट करता है तो इंस्ट्रक्शन फेज के बाद एक्जीक्यूशन फेज को एक्जीक्यूशन साइकल कहते हैं।
- ☞ कूकी (Cookie) जिसे HTTP Cookie, Web Cookie या Browser Cookie भी कहा जाता है। सामान्यतः किसी वेबसाइट से प्राप्त संक्षिप्त डाटा होता है जो यूजर के वेब ब्राउजर में स्टोर होता है, जबकि यूजर किसी वेबसाइट की ब्राउजिंग कर रहा होता है। इस प्रकार यह यूजर की वेब एक्टिविटी संबंधी इनफॉर्मेशन स्टोर करती है।
- ☞ इंटरनेट की **उत्पत्ति ARPAnet से खोजी** जा सकती है। ARPAnet का पूर्ण रूप है–Advanced Research Projects Agency Net-work।
- ☞ ARPAnet एक प्रारंभिक पैकेट स्विचिंग नेटवर्क था तथा प्रोटोकॉल सूट TCP/IP को इम्पलीमेंट करने वाला पहला नेटवर्क भी यही था।
- ☞ बैंडविड्थ कंप्यूटिंग के क्षेत्र में डाटा ट्रांसमिशन की स्पीड होती है जो कि **bits per second (bps)** में मापी जाती है।
- ☞ वर्ष 1999 में लिखी गई पुस्तक **'बिजनेस @ द स्पीड ऑफ थॉट'** के लेखक संयुक्त रूप से **बिल गेट्स और कोलिन्स हेंनिग्वे** हैं।
- ☞ **'विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस' 2 दिसंबर** को मनाया जाता है।